दिनांक 21.02.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

आयुक्त ने ली गरीबी उपशमन समिति की बैठक

भिलाईनगर/ आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी नगर पालिक निगम में नव गठित गरीबी उपशमन समिति के आज संध्या निगम सभागार में बैठक ली। जिसमें आजीविका मिशन और निगम के अन्य समस्त विभाग प्रमुखों के साथ इस पर चिन्तन किया गया कि आबादी के 50 प्रतिशत से अधिक गरीब परिवारों को रोजगार मूलक कार्यों से जोडकर किस प्रकार गरीबी का उपशमन किया जा सकता है इसमें महिला समितियों, संगठनों और स्व-सहायता समूहों को किस प्रकार जोड़ा जा सकता है। आबादी के आवश्यकताओं पर आधारित सर्वेक्षण कर कला और कौशल में निपूर्ण प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन लेकर कौशल विकास के विभिन्न आयामों को प्राप्त करते हुए एक ठोस कार्य योजना बनाकर इस पर लगातार कैसे बढ़ा जा सकता है संसाधनों की आवश्यकता क्या होगी और उपलब्धता किस प्रकार से होगी इस पर अगली बैठक 28 फरवरी को आयोजित किया जाना तय हुआ। आयुक्त महोदय ने सर्व संबंधितों को निर्देश दिया कि पूरी तैयारी से अगली बैठक में उपस्थित रहेंगे ताकि इस पर अमल शीघ्र अतिशीघ्र आरंभ किया जा सके।